45–(08)–02–2025

**पटना में दिनांक–09 दिसम्बर, 2025 मंगलवार को अपराह्न 3:30 बजे हुई मंत्रिपरिषद् की बैठक की कार्यवाही। मुख्यमंत्री ने बैठक की अध्यक्षता की।**

**निम्नलिखित निर्णय लिये गये :–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग** | | |
| 1. | वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष फाउण्डेशन/न्यास के लिए ₹15.00 करोड़ (पन्द्रह करोड़ रूपये) मात्र की राशि से कॉर्पस फण्ड के गठन की स्वीकृति के संबंध में। | 1. | स्वीकृत। |
| | **पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग** | | |
| 2. | संजय गाँधी जैविक उद्यान प्रबंधन एवं विकास सोसाईटी के गठन हेतु संगम ज्ञापन एवं उप–नियम 2025 की स्वीकृति के संबंध में। | 2. | स्वीकृत। |
| | **वित्त विभाग** | | |
| 3. | षष्ठम् केन्द्रीय वेतनमान में वेतन/पेंशन प्राप्त कर रहे राज्य सरकार के सरकारी सेवकों/पेंशनभोगियों/पारिवारिक पेंशनभोगियों को दिनांक–01.07.2025 के प्रभाव से 252% के स्थान पर 257% महंगाई भत्ता/राहत का भुगतान एवं तत्संबंधी संकल्प प्रारूप की स्वीकृति के संबंध में। | 3. | स्वीकृत। |
| | **वित्त विभाग** | | |
| 4. | पंचम् केन्द्रीय वेतनमान में वेतन/पेंशन प्राप्त कर रहे राज्य सरकार के सरकारी सेवकों/पेंशनभोगियों /पारिवारिक पेंशनभोगियों को दिनांक–01.07.2025 के प्रभाव से 466% के स्थान पर 474% महंगाई भत्ता/ राहत का भुगतान एवं तत्संबंधी संकल्प प्रारूप की स्वीकृति के संबंध में। | 4. | स्वीकृत। |
| | **वित्त विभाग** | | |
| 5. | दिनांक–11.04.2023 के उपरांत 30 जून/31 दिसम्बर को वार्धक्य सेवानिवृत होने वाले सरकारी सेवकों को मात्र पेंशन की गणना हेतु वैचारिक (Notional) वेतनवृद्धि अनुमान्य करने के संबंध में। | 5. | स्वीकृत। |
| | **वित्त विभाग** | | |
| 6. | नेशनल इंवेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड लिमिटेड (NIIFL) के माध्यम से राज्य की विभिन्न परियोजनाओं में सहायता प्रदान करने हेतु मेमोरेंडम ऑफ अन्डरस्टैंडिंग (एमओयू) पर स्वीकृति के संबंध में। | 6. | स्वीकृत। |

## वित्त विभाग

7. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (NSEIL), मुम्बई द्वारा बिहार के युवाओं के सशक्तिकरण एवं हुनर विकास हेतु विद्यार्थी कौशल कार्यक्रम (Student Skilling Programme) संचालित करने के लिए बिहार सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (Memorandum of Understanding) हस्ताक्षरित करने की स्वीकृति के संबंध में। — 7. स्वीकृत।

## मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग
(निबंधन)

8. बिहार दस्तावेज लेखक अनुज्ञप्ति (संशोधन) नियमावली, 2025 की स्वीकृति के संबंध में। — 8. स्वीकृत।

## समाज कल्याण विभाग

9. मुख्यमंत्री भिक्षावृत्ति निवारण योजना अन्तर्गत बिहार भिक्षावृत्ति निवारण नियमावली 1954 के नियम 6(2)(ख) में संशोधन की स्वीकृति के संबंध में। — 9. स्वीकृत।

## नगर विकास एवं आवास विभाग

10. वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य के नगर निकायों के पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनियों (साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि० एवं नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि०) के बकाये विद्युत विपत्रों के भुगतान हेतु स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय अंतर्गत कुल राशि ₹400.00 करोड़ (चार सौ करोड़ रू०) मात्र राशि की सहायक अनुदान के रूप में व्यय करने की स्वीकृति के संबंध में। — 10. स्वीकृत।

## सामान्य प्रशासन विभाग

11. श्री सुधीर कुमार, (बि०प्र०से०), कोटि क्रमांक–478/2024, (787/2019), तत्कालीन जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, रोहतास (सम्प्रति निलंबित) के सेवा से बर्खास्तगी के संबंध में। — 11. स्वीकृत।

## सामान्य प्रशासन विभाग

12. ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान शहीद बी०एस०एफ० (BSF) सब इन्सपेक्टर स्व० मो० इम्तियाज के आश्रित पुत्र श्री मो० इमदाद रजा की अनुकम्पा के आधार पर की गई नियुक्ति की घटनोत्तर स्वीकृति के संबंध में। — 12. स्वीकृत।

## मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

13. बिहार कार्यपालिका (संशोधन) नियमावली, 2025 तथा इससे संबंधित अधिसूचना प्रारूप पर मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति के संबंध में। — 13. स्वीकृत।

## गृह विभाग
(अभियोजन निदेशालय)

| | | |
|---|---|---|
| 14. | भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (2023 का 46) की धारा–64 की उप–धारा (1) तथा धारा–530 के खण्ड (i) और बिहार राज्य में इसके अनुप्रयोग से संबंधित अन्य सशक्त प्रावधानों के अन्तर्गत बिहार इलेक्ट्रॉनिक आदेशिका (जारी करना, तामील एवं निष्पादन) नियमावली, 2025 के गठन के प्रस्ताव में मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति प्राप्त करने के संबंध में। | **14. स्वीकृत।** |

## गृह विभाग
(अभियोजन निदेशालय)

| | | |
|---|---|---|
| 15. | भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (अधिनियम संख्या 46/2023) के सुसंगत उपबंधों द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा अन्तर संचालनीय आपराधिक न्याय प्रणाली (ICJS) के अन्तर्गत Digital एकीकरण के उद्देश्य को आगे बढ़ाने हेतु बिहार ई–साक्ष्य प्रबंधन नियमावली, 2025 के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति प्राप्त करने के संबंध में। | **15. स्वीकृत।** |

## विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

| | | |
|---|---|---|
| 16. | बिहार राज्य के सभी विभागों द्वारा विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के वित्तीय एवं प्रशासनिक नियंत्रण में गठित बिहार रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर (बिरसेक) के भू–स्थानिक सेवाओं (Geo-spatial services) के उपयोग हेतु नीति–2025 पर सहमति प्रदान करने के संबंध में। | **16. स्वीकृत।** |

## आपदा प्रबंधन विभाग
(नागरिक सुरक्षा निदेशालय)

| | | |
|---|---|---|
| 17. | राज्य के गया जी एवं मुंगेर जिला को नागरिक सुरक्षा जिला घोषित करने तथा उसमें नागरिक सुरक्षा जिला इकाईयों के लिए कुल 14 (चौदह) पदों के सृजन की स्वीकृति के संबंध में। | **17. स्वीकृत।** |

## उद्योग विभाग

| | | |
|---|---|---|
| 18. | उद्योग विभाग, बिहार, पटना के अधीन तकनीकी विकास निदेशालय का नाम परिवतर्तित कर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) निदेशालय करने की स्वीकृति के संबंध में। | **18. स्वीकृत।** |

## खान एवं भूतत्व विभाग

| | | |
|---|---|---|
| 19. | खान एवं भूतत्व निदेशालय को 02 निदेशालयों यथा खान निदेशालय एवं अन्वेषण निदेशालय में पुनर्गठन करने तथा खान निदेशालय को 02 उप निदेशालयों यथा खनन उप निदेशालय तथा सुरक्षा उप निदेशालय में पुनर्गठित करने तथा इस हेतु विभिन्न पदों के सृजन एवं पुनर्गठन के संबंध में। | **19. स्वीकृत।** |